# समाज कार्य परामर्श में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम.एस.डब्ल्यू. परामर्श प्रथम वर्ष )

## सत्रीय कार्य : 2026–2027

पाठ्यक्रम शीर्षक

| | | |
|---|---|---|
| एम.एस.डब्ल्यू–001 | : | समाज कार्य का उद्गम और विकास |
| एम.एस.डब्ल्यू–002 | : | व्यावसायिक समाज कार्य : भारत परिप्रेक्ष्य |
| एम.एस.डब्ल्यू–005 | : | समाज कार्य में प्रयोग और पर्यवेक्षण |
| एम.एस.डब्ल्यू–008 | : | सामाजिक समूह कार्य : समूहों के साथ कार्य करना |
| एम.एस.डब्ल्यू–009 | : | सामुदायिक विकास के लिए समुदाय संगठन प्रबंधन |

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः

जुलाई,2026 सत्र – 31 मार्च,2027

जनवरी,2027 सत्र – 30 सितम्बर,2027

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समाज कार्य (परामर्श) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (प्रथम वर्ष) में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातकोत्तर होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधार सकें।समाज कार्य (परामर्श) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के समाज कार्य (परामर्श)कार्यक्रम का अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।

- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षण के लिए अध्ययन केंद्र में अपने क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक से मिलें। परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए30% भारित देते हैं।**सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।** सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी, शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करें, जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करें और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए एक परिचय, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो, यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**डॉ. एन. रम्या**
**(कार्यक्रम समन्वयक)**

# व्यावसायिक समाज कार्यः भारत परिप्रेक्ष्य
## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.डब्ल्यू–002**
**कुल अंक–100**

**नोट :** i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) समाज कार्यों को बढ़ावा देने में औपनिवेशिक शासकों द्वारा की गई पहलों पर चर्चा करें। 20

अथवा

बौद्ध विचारधारा और समाज कार्य के बीच संबंधों की व्याख्या करें। 20

2) 19 गांधीवादी रचनात्मक कार्यक्रमों को सूचीबद्ध करें और उनमें से प्रत्येक को अपने शब्दों में समझाइए। 20

अथवा

क्या पेशेवर समाज कार्य में कैरियर की संभावनाएँ हैं? चर्चा करें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **300** शब्दों में) दीजिएः

क) भारत में किन्हीं दो महत्वपूर्ण किसान आंदोलनों की व्याख्या कीजिए। 10
ख) इस्लाम में निहित समाज कार्य मूल्यों का पता लगाएं। 10
ग) सत्याग्रह क्या है? सत्याग्रहियों के लिए दिशानिर्देशों की सूची बनाएँ। 10
घ) समाज कार्य साहित्य में अंतर के किन्हीं तीन कारणों का वर्णन कीजिए। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **150** शब्दों में) दीजिएः

क) योजना आयोग के कार्यों के बारे में लिखें। 5
ख) गांधीवादी समाज कार्य की किन्हीं तीन विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 5
ग) भारत में समाज सुधारों में ईसाई धर्म के योगदान का वर्णन करें? 5
घ) जनजातीय विकास के क्षेत्र में विशेष अधिकारी के क्या कर्तव्य हैं? 5
ङ) समाज कार्य के दृष्टिकोण से जैन धर्म के महत्व की चर्चा करें। 5
च) 'समाज कार्य शिक्षा को विभिन्न चरणों में वर्गीकृत किया जा सकता है'। संक्षेप में टिप्पणी करें। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर (लगभग **100** शब्दों में) संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिएः

क) वकालत 4
ख) वंशावली 4
ग) जैनियों द्वारा पांच प्रतिज्ञाएँ 4
घ) धर्म–हिंदू धर्म का मूल 4
ङ) आर्य समाज 4
च) राष्ट्रीय सेवा योजना 4
छ) सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में गांधी 4
ज) ब्रह्मचर्य 4